अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 3 मई 2024
वैशाख कृष्ण-दशमी
विक्रम संवत-2081

PAGE NO. 7: TOP

हेकथॉन का हुआ आगाज, अब युवा विकसित करेंगे सॉफ्टवेयर

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में हेकथॉन का हुआ शुभारंभ। स्रोत : कॉलेज

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) में बृहस्पतिवार को हेकथॉन 2.0 कार्यक्रम का आगाज हुआ। पहले दिन प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए। इसकी थीम स्मार्ट कैंपस सॉल्यूशन रखी गई है।

इसमें कोयंबटूर, तिरुवल्लूर, जबलपुर, इंदौर, लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद और बरेली के तकनीकी कॉलेजों से 188 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। सीईटी के प्राचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि तीन चरणों में होने वाला हेकथॉन 36 घंटों का तकनीकी आयोजन है। पहले दिन टीम ने विचार साझा किए।

शुक्रवार को प्रतियोगी अपने आइडिया पर सॉफ्टवेयर डेवलप करेंगे और शनिवार को उसका संचालन करेंगे। निर्णायक मंडल उनके सॉफ्टवेयर का मूल्यांकन करेगा।

प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाली टीमों को एक लाख रुपये की धनराशि व प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। एक टीम में अधिकतम छह प्रतियोगियों को शामिल होने की अनुमति है। पहले दिन कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति और सीईटी के प्राचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने किया।

इस दौरान डॉ. एलएस मौर्य, डॉ.एमएस बुटोला, डॉ. शैलेंद्र देवा, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. आरती गुप्ता, कपिल भूषण मौजूद रहे। संवाद